मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 269 ■ सोमवार, 20 जनवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

उर्वशी रौतेला ने सैफ अली से मांगी माफी

# एकनाथ शिंदे ठाणे जिले के पालकमंत्री

■ मौका चूकने के बाद भाजपा बैकफुट पर?

**ठाणे.** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को ठाणे जिले का पालक मंत्री नियुक्त किया गया है। कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे को ठाणे जिले का पालकमंत्री का पद मिलने से शिवसेना को ठाणे में अपना दबदबा बनाए रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, चर्चा है कि एकनाथ शिंदे ने पालकमंत्री का पद हथियाने और शिवसेना को मुश्किल में डालने की भाजपा की योजना को विफल कर दिया है।

वर्तमान बदलती राजनीति में जिले के पालकमंत्री का पद कैबिनेट मंत्री के पद से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि पालकमंत्री का पद प्राप्त करने के बाद संबंधित पार्टी जिले पर प्रभुत्व स्थापित करने में सफल हो जाती है।

इस बीच शिवसेना के गढ़ ठाणे में भारतीय जनता पार्टी बढ़ती नजर आई। उस समय भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को लगा कि अगर दो प्रमुख नेताओं, गणेश नाईक या रविंद्र चव्हाण में से कि सी ए क



को ठाणे के पालक मंत्री का पद मिल जाए, तो ठाणे में भारतीय जनता पार्टी का काफी विकास होगा। लेकिन अब एकनाथ शिंदे स्वयं एक बार फिर ठाणे जिले के पालकमंत्री बन गए हैं।

■ **शिवसैनिक खुश**

चूंकि ठाणे जिले में मुख्यमंत्री का पद एकनाथ शिंदे के पास था, इसलिए आम शिवसैनिक यह मानकर काम कर रहा था कि वह ही मुख्यमंत्री है। कुछ हद तक भाजपा और शिवसेना के बीच टकराव भी हुआ। हालाँकि, ऐसी चर्चा थी कि भारतीय जनता पार्टी पालक मंत्री का पद अपने हाथ में लेना चाहती है। हालाँकि, अब जब एकनाथ शिंदे स्वयं ठाणे जिले के पालकमंत्री बन गए हैं, तो शिवसैनिकों में उत्साह का माहौल बन रहा है।

दूसरी तरफ एकनाथ शिंदे पालकमंत्री बन गए और भाजपा को पालकमंत्री का पद नहीं मिला। क्या इसका मतलब यह है कि ठाणे जिले में भाजपा कुछ हद तक पिछड़ गई है? हालांकि, यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में शिंदे के दबदबे के बावजूद भाजपा जिले में अपनी स्थिति किस तरह मजबूत करती है।

### मनपा चुनाव में मिलेगा फायदा

**आगामी चुनावों के मद्देनजर, ठाणे जिले में कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका, ठाणे महानगर पालिका, नवी मुंबई महानगर पालिका, उल्हासनगर महानगर पालिका, भिवंडी महानगर पालिका, और अंबरनाथ नगर पालिका जैसे महत्वपूर्ण स्थानीय निकायों के चुनाव होने वाले हैं। चर्चा है कि यहां मुख्य मुकाबला शिवसेना बनाम भाजपा होगा। इस समय यह कहा जा रहा है कि चूंकि पालकमंत्री का पद स्वयं एकनाथ शिंदे को मिला है, इसलिए आगामी चुनावों में शिवसेना को इन स्थानीय निकायों को जीतने में अच्छी सफलता मिलेगी।**

# पुलिस वैन से भागा अपराधी गिरफ्तार



■ राहुल नगर निवासी अपराधी पर सेंधमारी का अपराध
■ कोर्ट में सुनवाई के बाद जेल से भागा
■ फिल्मी स्टाइल से पकड़ा गया आरोपी

**उल्हासनगर.** शनिवार को कल्याण के खड़कपाड़ा में एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब एक आरोपी को उल्हासनगर के चोपड़ा कोर्ट से कल्याण के आधारवाड़ी जेल ले जाया जा रहा था, तभी वह पुलिस पर चिल्लाया और वैन से कूदकर भाग गया। हालांकि, आधी रात को गश्त के दौरान विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की एक टीम ने फिल्मी स्टाइल में आरोपी को उल्हासनगर के भीम कॉलोनी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी संजू किसन वाघरी (उम्र 20 साल, निवासी राहुल नगर, टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, उल्हासनगर 3), को विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की एक टीम ने मार्च 2024 में एक सेंधमारी के मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में आधारवाड़ी जेल, कल्याण में रखा गया था शनिवार को संजू वाघरी को सुनवाई के लिए उल्हासनगर के चोपड़ा कोर्ट में लाया गया। सुनवाई के बाद जब पुलिस का दल आरोपियों को वापस आधारवाड़ी जेल ले जा रहा था, तभी कल्याण के विक्कीनगर में एक स्पीड ब्रेकर पर वैन की गति धीमी हो गई, इसका फायदा उठाकर आरोपी वैन से कूदकर भाग गया। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में टीमें तैनात की गईं। इस बीच, विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम, जिसमें रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, गणेश राठौड़, गणेश दामले और चंद्रकांत गायकवाड़ शामिल थे, जब रात 2 बजे पुलिस गश्त कर रही थी, तो उन्हें सूचना मिली कि आरोपी संजू वाघरी ने भीम कॉलोनी में एक बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड को धमकाया और उसका मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गया। तदनुसार, विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम ने रोमांचक फिल्मी स्टाइल में आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और वापस जेल भेज दिया। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

# अंबरनाथ मुस्लिम जमात चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

■ 82.57% मतदान
■ 3572 मतदाताओं ने डाले वोट
■ पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त
■ बोगस मतदान भी हुए







यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट मुस्लिम जमात चुनाव में 82.57% मतदान हुआ है. महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड की देखरेख में शनिवार को गैबन शाह दर्गा परिसर में शांति से चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें 3572 मतदाताओं ने वोट डाले. अंबरनाथ पुलिस का तगड़ा और अच्छा बंदोबस्त रहा. इसलिए कोई अनुचित प्रकार नहीं हुआ है. कुल मतदाता 4326 हैं. सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं. सोमवार 20 जनवरी सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी. 11 बजे तक रिजल्ट आने की संभावना है. चुनाव में तीन पैनल के 45 उम्मीदवार मैदान में है. हर पैनल में 15 उम्मीदवार हैं. अवाम पैनल का नेतृत्व सलीम चौधरी कर रहे हैं, जिनकी निशानी कूलर है. खिदमत पैनल की निशानी आटो रिक्शा है, जिसका नेतृत्व महमूद मीरा सय्यद कर रहे हैं, तो युवा पैनल के मुखिया सिकंदर कुरैशी हैं, जिनकी निशानी टॉर्च है. दोपहर 12 बजे तक 35 फीसदी मतदान हुआ था. 4 बजे तक 3114 वोटिंग हुई. 72% मतदान हुआ था. तीनों पैनल के उम्मीदवारों ने मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए खूब पसीना बहाया. आटो रिक्शा और कूलर के बीच तगड़ा मुकाबला देखा जा रहा है. इस धार्मिक चुनाव में बोगस मतदान होने की खबर है. दो मतदाताओं दावल मलिक शेख द्वारा चुनाव अधिकारी को ये बताने पर कि उनका मत किसी ने डाल चुका है. उनका टेंडर वोट लिया गया. वक्फ बोर्ड के आब्जर्वर खुसरो खान और चुनाव अधिकारी एड. अल्ताफ शेख की देखरेख में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हुआ है. वोटिंग के लिए 11 बूध बनाए गए थे. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे की निगरानी में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा.

# शराबियों ने मामूली बात पर की मारपीट

■ उल्हासनगर 5 की घटना
■ सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद
■ हिललाइन पुलिस में मामला दर्ज
■ महिलाओं को भी मारा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 के वीर तानाजी नगर में एक मुस्लिम परिवार की बेरहमी से पिटाई की घटना हुई है, यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की शिकायत के बाद हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम शोएब नामक युवक अपनी मामी के घर से लौट रहा था, इसी दौरान शराब के नशे में धुत विशाल और नान्या के बीच धक्का लगने पर कहा-सुनी हो गई, और इस मामूली बात पर शोएब की पिटाई कर दी। शोएब को बचाने आए दोनों मामियों की भी पिटाई उन युवकों ने की, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और हिललाइन पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है.

# ई-बस चालकों और कंडक्टरों को प्रशिक्षण



■ दुर्घटनाओं की संख्या कम करने और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए मनपा के प्रयास

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका परिवहन विभाग ने शहर के उन्नत यातायात प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। परिवहन विभाग ने ई-बस सेवाओं को अधिक सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के उद्देश्य से कंडक्टरों, ड्राइवरों और संबंधित अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाना, यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना तथा राजस्व वृद्धि को बढ़ावा देना था।

मनपा ने पहले ही डीएचए ई-बस पहल के तहत कुछ ई-बसें चालू कर दी हैं और डीएचए ई-बस पहल के तहत 100 और ई-बसों के माध्यम से शहर की बस परिवहन सेवा में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की योजना बना रहा है। इन नई बसों के प्रबंधन और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के लिए ड्राइवरों, कंडक्टरों और अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में बस परिवहन प्रबंधन में सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं को अपनाने, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अत्याधुनिक उपाय अपनाने और यात्री सुविधाओं में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस सत्र ने ई-बस सेवाओं को अधिक कुशल और पर्यावरण अनुकूल बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

स्थायी समिति हॉल में आयोजित प्रशिक्षण सत्र उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रभारी आयुक्त जमीर लेंगरेकर के नेतृत्व में शुरू हुआ। उनके साथ उपायुक्त अजय साबले, परिवहन विभाग प्रमुख विनोद केने, डिपो प्रबंधक दत्तात्रेय शिरसाट और परिवहन विभाग अधीक्षक श्रीमती उषा मौले भी मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में कल्याण-डोंबिवली मनपा, भिवंडी-निजामपुर मनपा, अंबरनाथ नगर परिषद और कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति से प्रशिक्षण सत्र अधिक व्यापक बन गया।

### बेहतर गुणवत्ता वाली सेवाएं मिलेंगी...

**प्रशिक्षण के बाद उल्हासनगर महानगरपालिका ने भविष्य में यात्रियों को बेहतर गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। उम्मीद है कि यह ई-बस परियोजना पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी और शहर की परिवहन व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाएगी। नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से चालक और वाहक अधिक जिम्मेदार बनेंगे, दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आएगी तथा नगर निगम परिवहन विभाग को वित्तीय लाभ मिलेगा।**

## दुष्कर्म व हत्या के आरोपी विशाल गवली के तीन भाई

# ठाणे जिले से 2 साल के लिए तड़ीपार

■ तीनों भाई भी हैं अपराधी

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में नाबालिग लड़की के बलात्कार और हत्या मामले के आरोपी विशाल गवली के तीन भाइयों के खिलाफ तड़ीपारी की कार्रवाई की गई है। विशाल की तरह उसके भाई भी अपराधी हैं। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि उनके नाम आकाश अभिमान गवली (उम्र 33), शाम अभिमान गवली (उम्र 34) और नवनाथ अभिमान गवली (उम्र 28) हैं और उन्हें ठाणे, मुंबई और रायगढ़ जिलों से दो साल के लिए तड़ीपार किया गया है।

कल्याण पूर्व में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस मामले में आरोपी विशाल गवली और उसकी पत्नी साक्षी गवली न्यायिक हिरासत में हैं। विशाल एक सजायाफ्ता अपराधी है और उसके तीन भाई भी सजायाफ्ता अपराधी हैं। तीन भाई, आकाश अभिमान गवली, शाम अभिमान गवली और नवनाथ अभिमान गवली, कल्याण पूर्व के चक्की नाका इलाके के नंदादीप नगर, नंदादीप सोसाइटी में रहते हैं। उन पर हत्या का प्रयास, गंभीर चोट पहुंचाने, अवैध हथियार रखने तथा संपत्ति को गंभीर क्षति पहुंचाने का आरोप है। उनके खिलाफ कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है। उन्होंने कल्याण पूर्व के चक्की नाका इलाके में आतंक मचा रखा था। लोग इन तीनों से बहुत डरते थे। स्थानीय नागरिक, व्यापारी और विक्रेता इन गुंडों के उत्पीड़न से पीड़ित थे। जब पुलिस उपायुक्त झेंडे को इस बारे में पता चला, तो उन्होंने कोलसेवाड़ी पुलिस को इन तीनों लोगों की आपराधिक दुनिया के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का आदेश दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 55 के तहत तीनों भाइयों को निर्वासित करने के लिए उपायुक्त अतुल झेंडे को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। उपायुक्त ने तुरंत इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## बिल्ली के बच्चे को जमीन पर पटककर मार डाला गया

**भिवंडी.** पारिवारिक विवाद के दौरान घर में घुसकर बिल्ली के बच्चे की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में 39 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता भिवंडी के रहनाल इलाके में रहता है और पशु प्रेमी है। शिकायतकर्ता का बड़ा बेटा शराब पीने का आदी है। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 17 जनवरी को जब वह घर पर था, तब उसका बेटा शराब पीकर आया। उसी समय एक आवारा बिल्ली का बच्चा घर में आ गया। उस समय शिकायतकर्ता के बेटे ने बिल्ली के बच्चे को उठाकर जमीन पर पटक दिया। पंजे से खून बहने से बिल्ली के बच्चे की मौत हो गई। नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

# बाइक चोर गिरफ्तार

■ क्राईम ब्रांच को मिली सफलता
■ आरोपी कलवा पुलिस के हवाले

**उल्हासनगर.** क्राइम ब्रांच ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार उसके पास से चोरी के एक बाइक बरामद कर अपने कुशल कार्य और सतर्कता का परिचय दिया है, जिसके खिलाफ आठ से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई शहर में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अनुराग विजय आढारी उर्फ गुा (24) अंबरनाथ का निवासी है और लंबे समय से चोरी व लूटपाट की घटनाओं में सक्रिय था। पुलिस हवलदार सुनील सूर्यवंशी को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल से अंबरनाथ से उल्हासनगर की ओर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में उप.निरीक्षक सचिन कुंभार, विजय जिरे, शेखर भावेकर और प्रसाद तोंडलीकर की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल कलवा से चोरी की गई थी। उसके खिलाफ बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर, डोंबिवली और कल्याण थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि यह गिरफ्तारी क्राइम ब्रांच की सतर्कता और सटीक योजना का परिणाम है। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए कलवा पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।

# अंबरनाथ में नाट्यगृह के समक्ष दीवार पर बनाई गई तस्वीरों को देखने के लिए लोग उत्सुक

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा सर्कस मैदान में 600 आसन व्यवस्था वाला बंदिस्त नाट्यगृह जल्द बनकर तैयार होने की संभावना है. ये नाट्यगृह 38 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च करके बनाया जा रहा है. इस नाट्यगृह के बाहर डीएमसी कंपनी की पत्थर की दीवार पर नाट्य में काम करने वाले कलाकारों एवं नाट्य से संबंधित खूबसूरत रंगों में कलाकृति को प्रसिद्ध चित्रकार मोहन जगताप ने निकाला है. नटराज की खूबसूरत चित्र निकालकर कार्य का श्रीगणेश किया गया है. ऐसा जगताप ने पत्रकारों को बताया है. बाल गंधर्व से लेकर राम गणेश गडकरी, पु. ल. देशपांडे की भी तस्वीर दीवार पर निकाली गई है. जिसे देखने के लिए लोग एकत्रित हो रहे हैं. राहगीर भी चलते-चलते मोहन जगताप की कलाकारी देखने के लिए खड़े हो जाते हैं.



अंबरनाथ के मुख्याधिकारी पराडकर के कहने पर मोहन जगताप नाट्यगृह के समक्ष अपनी बेहतरीन कलाकारी को पेश कर रहे हैं. इन कलाकारों की तस्वीरें देखकर युवा पीढ़ी को पता चलेगा कि ये कौन हैं और किस बात के लिए प्रख्यात हैं. नाट्यगृह के समक्ष एवं पुलिस स्टेशन के समक्ष इन तस्वीरों को देखने के लिए पुलिस कर्मी भी खड़े हो जाते हैं और मोहन जगताप का अभिनंदन करते हैं.

## 15 करोड़ रुपये की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** पुलिस ने बिहार के खगड़िया शहर से 30 वर्षीय एक व्यक्ति को शेयर ट्रेडिंग साइबर धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया है , इस ठग ने नवी मुंबई में रहने वाले एक व्यक्ति से 14.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। इस बात की जानकारी पुलिस द्वारा दी गयी है। अधिकारियों के अनुसार नवी मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया , गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुजीत कुमार मदन कुमार सिंह के रूप में हुई है, जिसके कंबोडिया में संबंध हैं, जहां वह कॉल सेंटरों में काम करता था और भारतीय नागरिकों को ठगता था।

# गणेश नाईक को पालकमंत्री बनाए जाने से शिवसैनिक नाराज

**ठाणे.** राज्य में सत्ता में आने के बाद भी पालकमंत्री को लेकर कोई हलचल नहीं हुई। आखिरकार पालकमंत्री की घोषणा का समय आ गया। ऐसा लगता है कि पालघर का पालकमंत्री का पद गणेश नाईक को देकर भाजपा ने संगठन के विस्तार पर ध्यान दिया है। इससे पहले पालघर जिले में दो पालक मंत्री थे, दादा भुसे और रवींद्र चव्हाण. लेकिन उनका पालघर से कोई संबंध नहीं था या उन्हें इस जिले की जानकारी नहीं थी, जिसके कारण कई कठिनाइयाँ हुईं।

लेकिन इस बार फडणवीस ने पूरे पालघर जिले की जानकारी रखने वाले गणेश नाइक को पालकमंत्री का पद दिया है, जिसका फायदा यहां के लोगों को भी मिलेगा। गणेश नाईक लगभग 15 वर्षों तक संयुक्त ठाणे जिले के पालकमंत्री रहे हैं।

इसी तरह आनंद दिघे से पहले वे शिवसेना के जिला प्रमुख के पद पर थे। वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के माध्यम से भी यहां के लोगों के संपर्क में रहे हैं। इसलिए पालघर जिले के चप्पे-चप्पे से उनकी पहचान है। सबको साथ लेकर चलने वाले नेता के तौर पर उनकी



छवि आज भी कायम है। इसी तरह सभी दलों में मित्र होने से उन्हें फायदा होगा।

दूसरी ओर शिवसेना कार्यकर्ताओं में बेचैनी है शिवसेना में विभाजन के बाद, गणेश नाइक इस अशांति का लाभ उठाकर भाजपा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा ने ऐसा करने की नीति पर अपनी नज़रें गड़ा दी हैं।

चूंकि पालघर में एनसीपी के कई नेता अभी भी गणेश नाइक के संपर्क में हैं, इसलिए इसका फायदा भाजपा को होगा। इसके अलावा, वसई विरार में 35 साल से सत्ता पर काबिज हितेंद्र ठाकुर से भी उनके करीबी संबंध हैं। भाजपा इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इस रिश्ते का इस्तेमाल मनपा और जिला परिषद पर कब्ज़ा करने के लिए किया जाता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि जिला परिषद, पंचायत समिति और पालघर जिले की एकमात्र वसई विरार मनपा के चुनावों की घोषणा जल्द ही होने वाली है और यह देखना दिलचस्प होगा कि गणेश नाइक इन चुनावों के लिए किस तरह की रणनीति बनाते हैं। कुल मिलाकर, संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के लिए यह चुनाव बहुत मुश्किल होगा। पालघर में गणेश नाईक के कनेक्शन से भाजपा को फायदा होगा।

उल्हास विकास



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## चुनावी प्रचार में एआई का खेल

पिछले दिनों चुनाव प्रचारों के दौरान कई पार्टियों और नेताओं ने एआइ और 'डीपफेक' का सहारा लेकर या तो अपनी काल्पनिक छवि तैयार करके लोगों के सामने पेश की या अपने विपक्षी नेताओं के ऐसे वीडियो तैयार किए, जिससे लोगों के बीच गलत धारणा बन सकती है। इसके बाद वे उस आधार पर किसी को वोट देने या न देने का फैसला कर सकते हैं। इस तरह के वीडियो या चित्र तकनीकी कारीगरी से तैयार किए गए होते हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में इससे संबंधित विवाद उभरते हैं तो इसकी जवाबदेही लेने को भी कोई तैयार नहीं होता। जबकि आम लोगों पर इसके असर का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यही वजह है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अगर कोई राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार एआइ के जरिए किसी तस्वीर, वीडियो या अन्य सामग्री का उपयोग करे तो उसके स्रोत की जानकारी जरूर दे। प्रचार के लिए अगर एआइ निर्मित सामग्री का उपयोग हो, तो उसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

लोकतंत्र में भ्रम फैलने के मद्देनजर आयोग की यह सलाह एक जरूरी कदम है, लेकिन यह काम केवल पार्टियों के भरोसे छोड़ने के बजाय खुद आयोग को भी इस पर कड़ी नजर रखनी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल, एआइ यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे कई क्षेत्रों में कामकाज आसान हो रहा है, मगर इसका दुरुपयोग भी कई स्तरों पर होने लगा है।

हाल के दिनों में 'डीपफेक' के जरिए कई ऐसे वीडियो बना कर जारी कर दिए गए, जिनमें किसी व्यक्ति का चेहरा इस्तेमाल करके उसकी आपत्तिजनक छवि परोसी गई। चूंकि आम लोगों के भीतर अभी इस तकनीक के उपयोग और इसके प्रभाव को लेकर पर्याप्त स्तर पर परिपक्व समझ नहीं बनी है, इसलिए कई बार इसके जरिए गलत धारणा का प्रसार होता है। विडंबना है कि इस माध्यम का उपयोग केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनमत निर्माण के लिए भी किया जाने लगा है। एआइ का सहारा लेकर ऐसे वीडियो बनाए जाते हैं, जिसका कोई आधार नहीं होता या जिनमें सच्चाई नहीं होती, मगर वे सच होने का भ्रम पैदा करते हैं।

# आठवां वेतन आयोग : कर्मचारियों की जवाबदेही भी बढ़े

आखिरकार केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी। पिछले कुछ समय से इसकी संभावना जताई जा रही थी, क्योंकि पिछला वेतन आयोग मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित हुआ था, जिसकी सिफारिशों पर अमल मोदी सरकार ने 2016 में किया था।

आठवां वेतना आयोग गठित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें उन सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों पर गर्व है, जो विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। इस फैसले के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं, क्योंकि दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और यहां बड़ी संख्या में केंद्रीय सरकार के कर्मचारी और पेंशनधारक रहते हैं।

यह भी ध्यान रहे कि आम तौर पर दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के वेतन में केंद्रीय वेतन आयोग के साथ वृद्धि होती है और दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस आदि विभागों के कर्मचारी भारत सरकार के तहत ही आते हैं।

आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने से एक ओर जहां सरकारी कर्मियों की जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी, वहीं उपभोग को भी बढ़ावा मिलेगा, जिसका लाभ अर्थव्यवस्था को मिलेगा। जब-जब सरकारी कर्मियों के नए वेतनमान लागू हुए हैं, तब-तब देश में खपत बढ़ी है, क्योंकि ये कर्मी कभी घर खरीदते हैं और कभी कार अथवा अन्य वस्तुएं।

यह भी एक तथ्य है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकारें लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने



के जतन करती रहती हैं। चूंकि केंद्र सरकार की ओर से गठित किए जाने वाले वेतन आयोग की सिफारिशों को राज्य भी मान लेते हैं, इसलिए उनका लाभ राज्य सरकार के कर्मियों को भी मिलता है।

आठवें वेतन आयोग के गठन के फैसले से केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मियों के साथ पेंशनधारकों का भी प्रसन्न होना स्वाभाविक है, लेकिन प्रश्न यह है कि आखिर सरकारी कर्मी जबावदेही के दायरे में कब आएंगे और उनकी कार्य कुशलता कब बढ़ेगी?

यह जग जाहिर है कि केंद्र सरकार के कर्मी हों या राज्य सरकारों के, औसत सरकारी कर्मियों में जवाबदेही का अभाव दिखता है और वे मुश्किल से ही अपनी कार्यकुशलता और दक्षता के लिए जाने जाते हैं। देश की तमाम समस्याओं की जड़ में सरकारी कर्मियों के काम करने का कामचलाऊ तरीका ही है।

बात चाहे टूटी सड़कों की हो, बजबजाती नालियों की हो, पर्याप्त सफाई व्यवस्था के अभाव की हो, नदी-नहरों के प्रदूषण की हो, बदहाल सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं या फिर सरकारी विद्यालयों की हो अथवा सरकारी परियोजनाओं में देरी की-इन सभी समस्याओं के पीछे सरकारी कर्मियों की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार होता है।

एक ओर सरकारी कर्मियों की अकर्मण्यता दूर होने का नाम नहीं ले रही है और दूसरी ओर उनके वेतन-भत्ते एक निश्चित अंतराल में बढ़ते जाते हैं। सरकारी खजाने पर पेंशन खर्च का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। सरकारी कर्मियों के नई पेंशन योजना से नाखुश होने और पुरानी पेंशन योजना की वापसी की मांग के चलते मोदी सरकार एकीकृत पेंशन योजना लेकर आई है। यह इसी साल अप्रैल से लागू होगी। इस योजना में सरकार का अंशदान बढ़ने वाला है।

एक समय प्रधानमंत्री मोदी मिनिमम गवर्नमेंट-मैक्सिमम गवर्नेंस की बात करते थे। उससे ऐसा प्रतीत होता था कि इस पर अमल होगा और उससे सरकारी कर्मियों की जवाबदेही बढ़ेगी, पर अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। यह सही समय है कि प्रशासनिक सुधार के लिए जिस आयोग का गठन हुआ था, उसकी अनुशंसाओं पर पूरी तरह अमल किया जाए।

यह समझा जाना चाहिए कि सरकारी कामकाज की दशा सुधरे बिना देश को विकसित बनाने के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता। अपने देश में सरकारी नौकरियों का आकर्षण किसी से छिपा नहीं। तमाम युवा सरकारी नौकरी के लिए लालायित रहते हैं।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

केवल शांति में ही हम प्रभु के प्रेम का अनुभव कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खराब सड़कों का जिम्मा किस पर डालें?

सड़क दुर्घटनाओं पर काबू न पाए जा सकने को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की चिंता वाजिब है। इसके लिए वे खराब सड़क निर्माण को जिम्मेदार मानते हैं। संसद में भी उन्होंने कहा था कि विदेश में जब भी भारत में सड़क दुर्घटनाओं और सड़कों के निर्माण को लेकर बात होती है, तो उन्हें शर्म से मुंह छिपाना पड़ता है। अभी भारतीय उद्योग परिसंघ की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। इसका बड़ा कारण सड़कों का खराब ढंग से निर्माण किया जाना है।

उन्होंने कहा कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। सड़क निर्माण के ठेकेदारों और इंजीनियरों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। निस्संदेह यह सुझाव कठोर लग सकता है। मगर चूंकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने संकल्प लिया है कि वह 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को घटा कर आधा कर देगा, बिना ऐसे कठोर कदम उठाए उसका लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं होगा। मंत्रालय के अनुसार 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें से एक लाख बहत्तर हजार लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक लाख चौदह हजार लोगों की उम्र अठारह से पैंतालीस वर्ष के बीच थी।

सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए कई उपाय आजमाए जा चुके हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। मगर इसका कोई उल्लेखनीय असर नजर नहीं



आया। सड़क दुर्घटनाएं हर वर्ष कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण सड़कों का खराब ढंग से निर्माण चिह्नित किया गया है। राजमार्गों और द्रुतगामी सड़कों पर चौड़ाई आदि में एकरूपता और मोड़ों पर उचित तकनीक का इस्तेमाल न होने के कारण दुर्घटनाएं और मौतें अधिक होती हैं।

अच्छी बात है कि परिवहन मंत्री ने इस बात की पहचान की और इसे स्वीकार भी किया। सड़कों पर जिन वजहों से दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं, उन्हें दूर करने के लिए भारी रकम भी आबंटित की गई है। परिवहन मंत्री ने माना है कि खराब निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और अव्यावहारिक डिजाइन की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन इसके लिए जिम्मेदारी तय करने की जवाबदेही किसकी है। उम्मीद है कि इस मसले पर सिर्फ चिंता जताने के बजाय सख्त और स्पष्ट नीति जमीनी स्तर पर लागू करने को लेकर ठोस पहल होगी।

यह उजागर तथ्य है कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का पैमाना काफी ऊंचा है। सड़कों के ठेके देने से लेकर उनकी लागत तय करने और फिर तैयार सड़कों की गुणवत्ता का आकलन करने तक अनियमितताएं उजागर होती रहती हैं। इस तरह यह भ्रष्टाचार का एक संगठित तंत्र जैसा बन गया है। ऐसे में अगर ठेकेदारों और इंजीनियरों की कमियों को गैरजमानती अपराध घोषित कर भी दिया जाता है, तो उनमें इसका कितना भय होगा, कहना मुश्किल है। सड़कों की बनावट तय मानकों के अनुरूप नहीं है, इसका आकलन तो संबंधित महकमे को करना होता है। आम लोग लाख शिकायत करते रहें कि सड़कों का निर्माण ठीक नहीं हुआ है, उनकी सुनवाई नहीं हो पाती। यह अकारण नहीं है कि कई जगह उद्घाटन के बाद ही किसी सड़क के बारिश में धंस या बह जाने, पुल के गिर जाने की खबर सुर्खियों में होती है। इसलिए सड़कों की गुणवत्ता मापने वाले तंत्र में भी पारदर्शिता लाने की जरूरत है।

# डेढ़ सौ साल बाद लगेगा अद्भुत महाकुंभ!

प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है. अभी तक करोड़ों लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर अपने पाप धो

**जरा हट के**

लिए हैं. जहां महाकुंभ को लेकर सरकार ने कई तरह की व्यवस्था की है. टेंट से लेकर टॉयलेट्स, पीने का पानी आदि सुविधाएं दी गई है. इसके बावजूद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस बीच सोशल मीडिया पर आज



से 144 साल बाद लगने वाले महाकुंभ की झलक दिखाई गई.

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने आज के समय में लोगों की लाइफ काफी आसान कर दी है. इसकी मदद से लोग कई तरह की स्थितियों को लाइव देख सकते हैं. हम जानते हैं कि दुनिया धीरे-धीरे टेक्नीकल होती जा रही तकनीक की मदद की जा रही है. इसी में से एक है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस. जब 2069 में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, उस समय स्थिति कैसी होगी, ये एआई ने दिखाया है. सोशल मीडिया पर इस इमेजिनरी महाकुंभ की झलक देख आपके रोंगटे खड़े हो जायेंगे. इस महाकुंभ में लोगों को अपने आसपास पाखंडी साधू-बाबा नहीं, बल्कि रोबोटिक साधू नजर आएंगे. ये अपनी हथेली से ही आरती की लौ जला सकेंगे. इसके अलावा आसमान में कई तरह के ग्रह-नक्षत्रों के संगम का नजारा लोग अपनी आंखों से देख पाएंगे.

### रोबोट्स बनेंगे भगवाधारी

इस वीडियो के अलौकिक ताकत ने लोगों को मत्रमुग्ध कर दिया. जो भी इसे देख रहा है, बस इसका दीवाना हो जा रहा है. आज के समय में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बस शुरुआत की है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि अब से 144 साल बाद तक ये बेहद एडवांस हो जाएगा. वीडियो को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है. ऐसे महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए लोग अगली पीढ़ी को खुशकिस्मत बता रहे हैं.

# काम के चक्कर में घंटों बैठे रहने से हो सकते हैं बीमार

■ **जानिए बचाव के लिए क्या करें**

**लाइफस्टाइल में बदलाव के साथ ही वर्क लाइफ भी चेंज हो गई है। भले ही पहले के मुताबिक अब टेकनॉलोजी ने काम को आसान बना दिया है लेकिन वर्क प्रेशर काफी ज्यादा बढ़ गया है। ऑफिस या वर्क फ्रॉम होम में अक्सर लोगों को देर तक बैठकर काम करना पड़ता है। काम के स्ट्रेस में कई बार लोग 8 से 9 घंटे लगातार बैठे रह जाते हैं। जिसकी वजह से हड्डियों पर तो असर पड़ता ही है साथ ही मानसिक तौर पर भी आप परेशान हो सकते हैं। घंटों बैठे रहने से आप बीमार हो सकते हैं, ऐसे में इससे बचाव के लिए इन तरीकों को जरूर अपनाएं।**



1) घंटों बैठे रहने पर आप बीमार हो सकते हैं। ऐसे में बीमारी से बचाव के लिए हर 30 मिनट में एक छोटा ब्रेक लें। काम के बीच में ऐसा करना थोड़ा मुश्किल लग सकता है, लेकिन अपनी सेहत को ध्यान में रखकर उठें और घूमें।

2) काम के बीच में हल्की स्ट्रेचिंग करें। ऐसा करने से मांसपेशियों को लचीला और मजबूत बनाने में मदद मिलती है। काम के बीच में अपनी गर्दन, छाती, कंधों और कलाइयों को फैलाने की कोशिश करें।

3) अगर आप दिन भर में बहुत ज्यादा बैठते हैं तो शरीर को स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए कुछ एक्सरसाइज करें। जैसे-डेडलिफ्ट, डीप स्क्वैट्स या पुश-अप्स।

4) ऑफिस में घंटों बैठे रहने वाले लोग एक्सरसाइज बॉल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। यह आपकी मुख्य मांसपेशियों को मजबूत करने और पॉजिशन में सुधार करने में मदद कर सकता है।

5) एक्सपर्ट्स कहते हैं कि अगर आपको काम के चक्कर में वॉक पर जाने का समय नहीं मिलता है तो अपने दफ्तर से एक किलोमीटर पहले ही कार को पार्क करें और फिर वहां से ऑफिस तक पैदल तलकर जाएं। वहीं अगर आप घर से काम कर रहे हैं तो काम शुरू करने से पहले 15 मिनट की वॉक करें।

6) अगर आप घंटो तक बैठे रह जाते हैं तो समय-समय पर आपके लिए खड़े रहना जरूरी है। कोशिश करें की आप मीटिंग्स अटेंड करते समय या फिर कॉल पर बात करते समय खड़े रहें।

7) हाईड्रेटेड रहनाबहुत जरूरी है। इसलिए पूरे दिन खूब सारा पानी पिएं। ऐसा करके आप थकान से बचसकते हैं। इसी के साथ हेल्दी डायट भी जरूरी है।

# कोलेजन बूस्ट करते हैं ये फल स्किन पर आएगा कुदरती निखार

**अच्छी स्किन के लिए कोलेजन बहुत जरूरी है। यह एक तरह का प्रोटीन है, जो स्किन का मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है।इसे बूस्ट करने के लिए आपको अपनी डायट में कुछ फलों को शामिल करना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं कोलेजन बूस्ट करने वाले फल-**

1) **संतरे-** संतरेमें विटामिन सी होता है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। प्रदूषक तत्वों और सूरज के संपर्क में आने से स्किन सुस्त हो जाती है। ऐसे में संतरा चेहरे पर चमकदार चमक लाने में मदद करता है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

2) **बेरीज-** सभी तरह की बेरीज, जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी कोलेजन से भरपूर टेस्टी फ्रूट होते हैं। सभी बेरीज में जरूरी विटामिन सी होता है, जो स्किन के लिए खूब फायदेमंद होता है। इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

3) **ट्रॉपिकल फ्रूट्स-** अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फल कोलेजन बूस्ट करते हैं। ये न केवल टेस्टी लगते हैं, बल्कि आपके शरीर को आंतरिक रूप से पोषण भी देते हैं। तरबूज में पानी की मात्रा ज्यादा होती है और यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन



नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।

4) **ग्रेप फ्रूट-** अंगूर विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये स्किन की लोच में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई करने में मदद मिलती है, जिससे आप ज्यादा कोलेजन बूस्ट कर सकते हैं।

5) **एवोकाडो-** ये फल कई हेल्थ बेनिफिट्स से भरपूर है और टेस्टी भी होता है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें विटामिन ई और विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो कोलेजन बूस्ट करने में मदद करते हैं।

# मूली के कटलेट

खाना-खजाना

आपने आज तक मूली के पराठे, सलाद जैसी कई चीजें बनाकर खाई होंगी लेकिन क्या आपने मूली से बने कटलेट का स्वाद चखा है। ये कटलेट धनिया-पुदीना की हरी चटनी हो या सॉस, दोनों के साथ खाने में बेहद टेस्टी लगते हैं। इन मूली से बने कटलेट का स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक को बेहद पसंद आता है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाए जाते हैं टेस्टी मूली के कटलेट।

**सामग्री :**

- 2 कप कद्दूकस की हुई मूली
- 2 मीडियम साइज उबले हुए आलू
- 1 छोटा चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक
- 2 बड़े चम्मच बारीक कटी हुई धनिया पत्ती
- 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 कप ब्रेड क्रम्ब्स
- 2 बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच अमचूर पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला
- नमक स्वादानुसार
- तेल तलने के लिए



**विधि :**

मूली के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले मूली को कद्दूकस करके उसका सारा पानी अच्छी तरह निचोड़ लें। इसके बाद एक बड़े बाउल में कद्दूकस की हुई मूली, मैश किए हुए आलू, ब्रेड क्रम्ब्स, हरी मिर्च, अदरक, धनिया पत्ती और बाकी बचे सभी मसाले डालकर मिश्रण को अच्छी तरह मिलाकर आटे की तरह गूंध लें। इसके बाद हाथों पर थोड़ा सा तेल लगाकर कटलेट के शेप में टिक्की बनाकर तैयार कर लें। अब कढ़ाई में तेल गर्म करके एक-एक करके कटलेट को तेल में डालकर दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई करें। इसके बाद कटलेट को एक टिशू पेपर पर निकालकर उनसे अतिरिक्त तेल हटा लें। आपके टेस्टी मूली के कटलेट बनकर तैयार हैं। आप इन कटलेट को धनिया-पुदीना की चटनी या सॉस के साथ गरमा-गरम परोस सकते हैं।

# नींबू का छिलका खूब आएगा काम

सब अमूमन नीबू का रस निचोड़ने के बाद उसके छिलके को यों ही फेंक देते हैं। पर, इस बात से वाकिफ होना जरूरी है कि नीबू ही नहीं बल्कि उसका छिलका भी काफी करामाती होता है। ताजगी, फ्लेवर और खुशबू से भरे इन छिलकों का इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकती हैं। नीबू की एक और खासियत यह भी है कि यह हमारी रसोई में सालों भर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाती है। आपको चाहे खुद से कुछ-न-कुछ बनाना पसंद है या फिर साफ-सफाई का फितूर आप में है, नीबू का छिलका हर काम में आपके लिए मददगार साबित होने वाला है। कैसे नींबू के साथ-साथ उसके छिलके का भी करें भरपूर इस्तेमाल, आइए जानें :

■ **इन बेमिसाल तरीकों से करें यूज**

■ **घर को बनाएं खुशबूदार**

घर को खुशबूदार बनाने के लिए जरूरी नहीं है कि महंगे रूम फ्रेशनर पर ही हमेशा पैसे खर्च किए जाएं। आप इस काम में नींबू के छिलकों की भी मदद ले सकती हैं। नींबू से रूम फ्रेशनर तैयार करने के लिए सॉसपैन में एक कप पानी डालें। उसमें नीबू का छिलका, दालचीनी का एक टुकड़ा और कुछ लौंग डालें। अच्छी तरह से उबालें। गैस ऑफ करें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो उसे छानकर एक स्प्रे बोतल में डालें और रूम फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल में लाएं। नीबू से और भी आकर्षक रूप-रंग में रूम फ्रेशनर बनाना है तो नींबू के छिलकों को सुखाकर उन्हें छोटे-छोटे पाउच में डालें। अब इस पाउच को अपने शू रैक और ड्रॉअर आदि में रखें।



चप्पल और जूतों वाला ड्रॉअर भी हमेशा नींबू की खुशबू से भरा रहेगा।

■ **सफाई होगी खुशबू वाली**

घर को साफ-सुथरा और चमकदार रखना आपका शौक है, तो अपने इस शौक को पूरा करने में नींबू को अपना साथी बनाएं। एक शीशे की बोतल में सफेद विनिगर और नींबू का छिलका डालें। इस मिश्रण को एक सप्ताह के लिए यों ही छोड़ दें। बस, हो गया काम। घर के मुश्किल-से-मुश्किल कोने की सफाई के लिए आपका क्लीनर तैयार है। इसकी मदद से आप किचन के स्लैब से लेकर अपने बाथरूम के फिटिंग्स की खोई चमक को भी वापस ला सकती हैं। नींबू के छिलके और विनिगर का यह मिश्रण न सिर्फ सफाई में आपकी मदद करेगा बल्कि घर को फ्रेश और खुशबूदार भी बनाए रखेगा।

■ **खाने का स्वाद बनेगा दमदार**

नींबू की कुछ बूंद तो हर डिश के स्वाद को कई गुना तो बढ़ा ही देती है, पर क्या आप जानती हैं कि इसके छिलके में भी खाने को स्वादिष्ट बनाने की खूबी होती है। नींबू के छिलकों को अच्छी तरह से सुखाकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को एयर टाइट डिब्बे में स्टोर कर लें। अब इसका इस्तेमाल बेकिंग से लेकर सलाद की ड्रेसिंग तक में और अपने पसंदीदा ड्रिंक से लेकर नूडल्स तक में करें। इस पाउडर की खास बात है कि यह जल्दी खराब भी नहीं होता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**वृषभ :** निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**सिंह :** समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या :** समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**तुला :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। बड़ा काम करने का मन बनेगा। फालतू खर्च होगा।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**कुंभ :** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। संतुष्टि नहीं होगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन :** संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें। यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से लाभ हो सकता है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## खबरें गांव की...

### बांदा में ट्रकों की टक्कर में 2 जिंदा जले

**बांदा.** बांदा में घने कोहरे में दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत काफी तेज होने से दोनों में आग लग गई। आग का गोला बने दोनों में फंसे ड्राइवर जिंदा जल गए। गिट्टी लोड ट्रक का खलासी कूदकर भागने में कामयाब रहा, जिससे उसकी जान बच गई। घटना से बांदा-फतेहपुर मार्ग पर करीब साढ़े चार घंटा भीषण जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग को काबू किया। ट्रक हटाए जाने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ट्रैफिक सामान्य हो पाया।

### महाराजगंज में कार एक्सीडेंट में 3 की मौत

**महाराजगंज.** महाराजगंज में घने कोहरे का कहर देखने को मिला है। एक कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घने कोहरे को हादसे की वजह बताया जा रहा है। तीनों युवक निचलौल से बजहा उर्फ अहिरौली जा रहे थे। मृतकों में एक युवक बजहा उर्फ अहिरौली गांव के राजी टोला का रहने वाला था। जबकि अन्य दो युवक कुशीनगर जिले के निवासी थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को आनन-फानन में निचलौल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाघ के संभावित हमले में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**बहराइच.** बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण के अंतर्गत सुजौली वन रेंज में बाघ के संभावित हमले में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। वन विभाग के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सुजौली वन रेंज अंतर्गत रमपुरवा बनकटी गांव के निवासी राजपाल चौहान ने कहा कि उनके पिता शिवदत्त चौहान (65) शनिवार शाम करीब पांच बजे खेत की रखवाली के लिए गये थे, वहां बाघ ने हमला करके उन्हें मार दिया। उन्होंने कहा कि शाम से रात तक तलाश की गयी, लेकिन जब वह नहीं मिले तो सुबह फिर तलाश की गयी तो उनका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ और वे शव को घर ले आए हैं।

### मुंबई से शबनम शेख महाकुंभ पहुंचीं; तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**प्रयागराज.** मुंबई की रहने वाली 22 वर्षीय शबनम शेख का शनिवार को महाकुम्भ पहुंचीं। पुष्पवर्षा कर और तिलक लगा स्वागत किया गया। रविवार को वह संगम में स्नान करेंगी। वह कुछ दिन तक महाकुम्भ में रहकर योग, श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करते हुए संत महात्माओं के सानिध्य में सनातन धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी।

# पहली 6 सीटर फ्लाइंग टैक्सी रिवील

- 160km मैक्सिमम रेंज
- प्रीमियम टैक्सी सर्विस के बराबर एक ट्रिप का किराया



**नई दिल्ली.** एयरोस्पेस स्टार्टअप सरला एविएशन ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अपनी प्रोटोटाइप एयर टैक्सी 'शून्य' को रिवील कर दिया है। यह टैक्सी एक बार में 160 किलोमीटर की दूरी तक उड़ सकती है, लेकिन इसे 20-30 किमी की छोटी यात्राओं के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

कंपनी ने कहा कि ये 250 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से उड़ सकेगी और सिर्फ 20 मिनट की चार्जिंग में एक ट्रिप के लिए तैयार हो जाएगी। शून्य फ्लाइंग टैक्सी से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैवल टाइम में काफी कमी आने की उम्मीद है। इसमें पायलट सहित 7 लोग बैठ सकेंगे।

प्रीमियम टैक्सी सर्विस के बराबर एक ट्रिप का किराया

कंपनी के को-फाउंडर शिवम चौहान ने बताया कि वह 2028 तक फ्लाइंग टैक्सी सर्विस की शुरुआत बेंगलुरु से करेंगे। इसके बाद मुंबई, दिल्ली, नोएडा और पुणे जैसे शहरों में अपनी एयर टैक्सी सर्विस को एक्सपेंड करने की प्लानिंग है।

शून्य से एक ट्रिप की कीमत ओला-ऊबर की प्रीमियम टैक्सी सर्विस के बराबर रखने की प्लानिंग है। यात्री परिवहन के अलावा, उन्होंने शहरी क्षेत्रों में इमरजेंसी मेडिकल जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्री एयर एम्बुलेंस सर्विस शुरू करने की भी घोषणा की।

### भारत की पहली महिला पायलट सरला ठुकराल के नाम पर

भारत की पहली महिला पायलट सरला ठुकराल के नाम पर बेंगलुरु स्थित प्लेटफॉर्म ने इसका नाम रखा है। इसे अक्टूबर 2023 में एड्रियन श्मिट, राकेश गांवकर और शिवम चौहान ने इसे स्थापित किया था। सरला एविएशन ने शून्य को एयर टैक्सी सर्विस के लिए डिजाइन किया है। यह अधिकतम 680 किलोग्राम भार ले जा सकती है।

# राहुल गांधी के खिलाफ असम में गैर जमानती FIR

- 3 दिन पहले कहा था- कांग्रेस भाजपा-RSS और इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ रही है



**गुवाहाटी.** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में शनिवार को FIR दर्ज की गई है।

आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। BNS की धारा 152 के तहत दर्ज FIR गैर जमानती है।

यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। FIR गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज कराई है।

चेतिया ने कहा कि, 'राहुल के बयान से देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। विपक्ष के नेता का सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है।'

दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (RSS) प्रमुख रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार देने के लिए इंदौर में थे।

# अहमदाबाद में आयुष्मान घोटाला, आरोपी रिमांड पर

- 2 मरीजों की जबरन एंजियोप्लास्टी कराई थी, बाद में मौत हुई



**अहमदाबाद.** गुजरात के अहमदाबाद में PMJAY योजना में घोटाले के आरोपी कार्तिक पटेल को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

कार्तिक के अस्पताल में 2 मरीजों की PMJAY योजना के तहत जबरन एंजियोप्लास्टी की गई थी, इसके बाद मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद कार्तिक त्यागी फरार हो गया। पुलिस ने उसे शनिवार रात अहमदाबाद एयरपोर्ट से दुबई से लौटने पर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कोर्ट में कहा कि कार्तिक और उसकी टीम ने मरीजों की जांच रिपोर्ट में 30 से 80 प्रतिशत ब्लॉकेज दिखाए। ताकि PMJAY का लाभ उठाया जा सके। 956 दिनों में योजना के तहत 3500 से ज्यादा क्लेम किए गए। 3800 एंजियोप्लास्टी और एंजियोग्राफी की गई। सरकारी वकील ने कोर्ट में कहा कि अस्पताल में सभी ऑपरेशन कार्तिक के कहने पर ही किए गए थे।

### पुलिस ने कोर्ट में रखे 7 पॉइंट

1. फर्जी ऑपरेशन और क्लेम के मामले में कार्तिक पटेल ही मुख्य साजिशकर्ता।
2. उसके अस्पताल में आरोपियों की क्लेम में हिस्सेदारी। लेनदेन की जांच चल रही है।
3. अहमदाबाद और आसपास के डॉक्टरों को पैसे दिए जाते थे, वे मरीजों को कार्तिक के अस्पताल में रेफर करते थे।
4. जांच की जा रही है कि PMJAY योजना के अधिकारी शामिल थे, क्या कार्तिक उन्हें गिफ्ट या घूस देता था।
5. जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं थे, उनके आयुष्मान कार्ड फर्जी तरीके से बने। कौन शामिल था, जांच चल रही।
6. आयुष्मान योजना में मिले 16 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम कहां गई, इसका इन्वेस्टिगेशन किया जा रहा है।
7. आरोपी की विदेश में रहने की व्यवस्था किसने की थी, यह जांच की जा रही है।

### IIT मद्रास के डायरेक्टर ने की गौमूत्र की तारीफ

आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह गौमूत्र के औषधीय गुणों के बारे में बता रहे हैं। कामकोटि ने गौमूत्र को एंटीबैक्टीरियल, एंटी फंगल और पाचन में मदद करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि गौमूत्र जठरांत्र विकार से भी राहत दिलाता है। उनके इस दावे का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी गलियारों में भी हंगामा होने लगा। कांग्रेस और डीएमके ने उनके इस बयान पर कड़ा विरोध जताया है।

# जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन का ट्रायल रन पूरा

- 326 km लाइन पर 111 Km की सुरंगें
- चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (USBRL) प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन रविवार को पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह USBRL का आखिरी टेस्ट रन है।

41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने USBRL प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 326 किमी. है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है।

वहीं, रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी बनाया गया है। इसकी लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इसे बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ रुपए की लागत आई।

भारतीय रेलवे पहला केबल पुल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा

भारतीय रेलवे ने इस प्रोजेक्ट के जरिए एक और उपलब्धि हासिल की है। अंजी खड्ड पर बनाया गया पुल भारतीय रेलवे का बनाया पहला केबल-स्टेड पुल है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। इस पुल के बीच में बने टावर (पैलोन) की ऊंचाई 193 मीटर है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है।

यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है। ये पुल रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। इसकी चिनाब ब्रिज से दूरी महज 7 किलोमीटर है। इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। इस ब्रिज को 4 हिस्सों में बांटकर बनाया गया है। ब्रिज के बीच का हिस्सा 290 मीटर का है।

### 7 महीने पहले हुआ था पहला ट्रायल रन

जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन करीब 7 महीने पहले हुआ था। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से भी होकर गुजरी थी।, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसके सफल परीक्षण की जानकारी दी थी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टॉवर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

# किसान आंदोलन- अनशन के 55वें दिन डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया

- केंद्र बातचीत को तैयार
- 14 फरवरी को मीटिंग

**पटियाला.** सभी फसलों की MSP पर खरीद समेत 12 मांगों को लेकर 55 दिन से अनशन कर रहे 70 साल के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया गया है। शनिवार को केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे थे। उन्होंने डल्लेवाल से मिलकर मीटिंग का न्योता दिया। केंद्र की तरफ से बातचीत का प्रस्ताव मिलने के बाद किसानों ने डल्लेवाल को मेडिकल ट्रीटमेंट देने के लिए हामी भर दी और देर रात उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया गया। अब चंडीगढ़ में 14 फरवरी को किसान संगठनों की भारत और पंजाब सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक होगी।

खनौरी बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत करते हुए जॉइंट सेक्रेटरी प्रियरंजन ने कहा कि केंद्र को आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवाल की सेहत की फिक्र है। हम यहां आए हैं, ताकि कोई रास्ता निकल सके।

केंद्र की तरफ से बातचीत का जो प्रस्ताव दिया गया है उसमें लिखा है- भारतीय किसान यूनियन (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की मांगों को लेकर भारत सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों के साथ 14 फरवरी को बैठक होगी। यह बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में होगी। हम आशा करते हैं कि डल्लेवाल जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

# महाकुंभ के आईआईटियन बाबा पर भड़का जूना अखाड़ा

**प्रयागराज.** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अब तक करोड़ों भक्त आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। बड़ी संख्या में संत-साधु और नागा बाबा भी महाकुंभ का हिस्सा बने हैं। इसमें से एक बाबा अभय सिंह भी हैं, जिन्होंने आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की है और इस समय काफी वायरल हो गए हैं। आईआईटियन बाबा 'अभय सिंह' जूना अखाड़े के संत सोमेश्वर पुरी के जरिए महाकुंभ पहुंचे हैं। इस बीच, गुरु को लेकर कही गईं अभय सिंह की बातों से जूना अखाड़ा भड़क गया है। अखाड़े ने ऐक्शन लेते हुए अभय को अपने यहां से निष्कासित कर दिया है। हालांकि, अभय सिंह का कहना है कि वह किसी भी अखाड़े के सदस्य नहीं हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा, "अभय सिंह का कृत्य गुरु-शिष्य परंपरा और संन्यास के सिद्धांतों के खिलाफ है। गुरु का आदर नहीं करना सनातन धर्म और अखाड़े के प्रति अनादर को दिखाता है। जूना अखाड़े में अनुशासन काफी मायने रखता है और कोई भी अनुशासन से ऊपर नहीं है। फिर चाहे वह मैं हूं या अभय सिंह ही क्यों न हो।"

जूना अखाड़े का दावा है कि उन्होंने सिंह को अपने अखाड़े से बाहर कर दिया है।

# 'मन की बात' में पीएम मोदी ने की महाकुंभ पर चर्चा

- एकता, समता-समरसता का बताया संगम




**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'महाकुंभ' को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहाकि हजारों साल से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहाकि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़ें और मजबूत होती हैं। तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।

मोदी ने 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेले' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहाकि ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहाकि कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहाकि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। हाल के दिनों में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है क्योंकि ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहाकि इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं।

# पंत को लखनऊ की कप्तानी मिलेगी

- ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे
- LSG ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था



ऋषभ पंत को IPL 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनना तय है। पिछले साल नवंबर की मेगा नीलामी में पंत IPL के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, जिन्हें LSG ने 27 करोड़ रुपये (लगभग 3.21 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में खरीदा।

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने अपने पहले तीन सीजन (2022 से) के लिए LSG का नेतृत्व किया। टीम पहले दो सालों प्ले ऑफ में जगह बनाई, हालांकि वह फाइनल का सफर तय नहीं कर पाई। वहीं 2024 का सीजन काफी खराब रहा, टीम सातवें स्थान पर रही।

### पंत के लिए IPL में LSG दूसरी टीम

पंत के लिए IPL में LSG दूसरी टीम है। इससे पहले उन्होंने IPL में अपने करियर की शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स से 2016 में की। उस समय डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स का पहले का नाम) ने उन्हें 2016 के ऑक्शन में 1.6 करोड़ में खरीदा था। पंत दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी भी कर चुके हैं। वह 2021 में कैप्टन बनाए गए। 2022 में चोट की वजह से वह IPL से दूर रहे। 2023 में भी वह दिल्ली के कप्तान रहे।

### LSG ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया,

LSG ने निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बदोनी और मोहसिन खान को रिटेन किया था, हालांकि, वे एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी की तलाश में थे जो कप्तान के रूप में राहुल की जगह ले सके। पंत, श्रेयस अय्यर के साथ उनकी सूची में सबसे ऊपर थे। नीलामी में पंत को लेने के लिए LSG और SRH के बीच होड़ लगी रही।

### महाकुंभ के मेला क्षेत्र में लगी भीषण आग, कई दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं, फट रहे सिलेंडर

**महाकुंभ.** महाकुंभ के मेला क्षेत्र में भीषण आग लग गई है। कई दमकल की गाड़िया मौके पर बुलाई गईं है। तुलसी मार्ग पर सेक्टर 19 रेलवे पुल के नीचे विवेकानंद सेवा समिति वाराणसी के शिविर में आग लगी है।

रविवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे लगी आग फैलती ही जा रही है। इससे अफरातफरी मची है। अंदर से सिलेंडरों के फटने की आवाजें भी आ रही हैं। आग एक से दूसरे शिविर की ओर बढ़ रही है। कुछ मिनटों में ही आग ने एक दर्जन से ज्यादा टेंटों को खाक कर दिया है।

# गले तक कर्ज, फटेहाल अर्थव्यवस्था, IMF ने गिराई पाकिस्तान की रेटिंग

- भारत से कितना पीछे पड़ोसी



**नई दिल्ली.** गले तक कर्ज में डूबे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। भारत के साथ आजाद हुए पाकिस्तान को 75 साल से भी अधिक हो गए हैं, लेकिन वह अपना गुजारा करने के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। पाकिस्तान आए दिनों अपने अजीज दोस्त चीन या फिर सऊदी अरब से कर्ज मांगता फिरता है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने पाकिस्तान अक्सर अपना भीख का कटोरा फैलाए ही हुए रहता है। पाकिस्तान की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए आईएमएफ ने उसकी आर्थिक वृद्धि दर घटाकर 3 प्रतिशत कर दिया है, पहले यह अनुमान 3.5 प्रतिशत का था। वहीं आईएमएफ ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत आंकी है। भारत और पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति की तुलना करें तो हुए यह स्पष्ट होता है कि भारत अपनी मजबूत आर्थिक वृद्धि के साथ वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक चुनौतियों से जूझता हुआ भारत से काफी पीछे दिखाई दे रहा है।

### भारत की अर्थव्यवस्था ने दुनियाभर में बजाया डंका

आईएमएफ और विश्व बैंक दोनों ने भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। आईएमएफ ने 2025 और 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने की उम्मीद जताई है, जबकि विश्व बैंक ने इसे 6.7% तक बढ़ाया है। यह वृद्धि दर भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। भारत के सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में सुधार के लिए सरकार की पहल इस वृद्धि को और अधिक सुदृढ़ कर रहे हैं, जिसमें लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और कर सुधार पर जोर दिया गया है।

### पाकिस्तान के लिए बेहद मुश्किल है डगर

वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति आईएमएफ और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) दोनों के अनुसार चिंताजनक है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की 2025 की जीडीपी वृद्धि दर को घटाकर 3% कर दिया है, जो पहले 3.2% अनुमानित थी। 2026 में भी पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर 4% रहने की उम्मीद है। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि पाकिस्तान आर्थिक कठिनाइयों में फंसा हुआ है, जिनमें कमजोर औद्योगिक गतिविधि, वित्तीय अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं।

### मुकेश और नीता अंबानी ने ट्रंप से की मुलाकात

शपथ ग्रहण समारोह में भी होंगे शामिल!

**वॉशिंगटन.** सोमवार को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह से पहले दुनिया के कई दिग्गज राजनेता शामिल होने के लिए वॉशिंगटन पहुंच रहे हैं। इस ग्रैंड इवेंट से पहले अमेरिका में एक डिनर का आयोजन किया गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी भी शामिल हुए।

#### दुनियाभर के दिग्गज शामिल

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में अमेरिका के कुछ सबसे प्रभावशाली अरबपतियों और राजनेताओं के साथ-साथ विदेशी नेताओं और मशहूर हस्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। 18 जनवरी को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे अंबानी उन चुनिंदा 100 लोगों में शामिल थे, जिन्होंने कल शाम ट्रंप के साथ रात्रिभोज में पार्टिसिपेट किए। वे शायद रात्रिभोज में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय थे, जहां उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जेडी और उषा वेंस ने भी उनसे मुलाकात की।


### आम सूचना

हम श्रीमती कोमल लछमणदास वाधवाणी व श्री लछमण टहलराम वाधवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 585 चौ.फुट, बैरक नं. 627, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय004350000) उक्त प्रॉपर्टी श्री रमेश पीरमल नादर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.5.2017 सी.नं. 940 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कोमल लछमणदास वाधवाणी व श्री लछमण टहलराम वाधवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री अमित अशोक बदलाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि प्रापर्टी पीछे का हिस्सा, रुम नं. 7, 294 चौ.फुट, बैरक नं. 113, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 06एओ014498000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पुष्पा गणेचंद राजन के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.1.2025 सी.नं. 3280 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अमित अशोक बदलाणी**

### आम सूचना

मैं श्री रामोन गोपाल सहा सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाऊस, कंवरराम कालोनी के पीछे, बैरक नं. 1101, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 37बीओ007376500) उक्त प्रॉपर्टी श्री सतीश जे. बानसूनी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.1.2025 सी.नं. 106 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामोन गोपाल सहा**

## संक्षेप...

### जिला परिषद की ओर से क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन

**ठाणे.** जिला परिषद के अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन पलावा सिटी कल्याण के पास आयोजित किया गया।इस क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व क्रीड़ा क्षेत्र से शिवप्रिया के हाथों से मशाल जलाकर किया गया।जिला परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों के लिए इस क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया है।इसलिए सभी लोग उत्साहित होकर भाग लेने के लिए आवाहन किया।उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे ने कहा कि मानसिक व शारिरिक स्वास्थ्य के लिए मैदानी खेल आवश्यक है।परियोजना संचालक छायादेवी शिसोदे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।वहीं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार ने स्वास्थ्य सुदृढ़ रहने के लिए इस तरह के खेल के कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है।

# सैफ अली पर हमला करने वाला आरोपी ठाणे से गिरफ्तार

- पुलिस का दावा- चोरी के इरादे से घर में घुसा था
- बांग्लादेशी होने का शक, भारत आकर नाम बदला



**मुंबई.** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर में घुसकर हमला करने के मामले में मुंबई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने रविवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी को शनिवार रात 2 बजे ठाणे के एक लेबर कैंप से गिरफ्तार किया गया।

मुंबई पुलिस के DCP गेदाम दीक्षित ने बताया कि बताया कि आरोपी चोरी करने के इरादे से एक्टर के घर में घुसा था। उसके पास भारत का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। उसके पास जो चीजें मिली हैं, उनके आधार पर बांग्लादेशी होने का शक है। मुंबई पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। ज़ोन-9 के पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेडाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हमलावर की उम्र क़रीब 30 साल है, उसका नाम मोहम्मद शरीफ़ुल इस्लाम शहज़ाद है और वह चोरी के इरादे से घर में घुसा था. पुलिस ने बताया है कि संदिग्ध हमलावर कुछ दिन मुंबई रहकर वहां से चला गया था और फिर मुंबई वापस आया था. इस अभियुक्त को ठाणे के हीरानंदानी लेबर कैंप से पकड़ा गया.

दीक्षित गेडाम ने बताया, ₹ऐसा शक है कि अभियुक्त बांग्लादेशी मूल का है और इस मामले में पासपोर्ट एक्ट से जुड़ी उचित धारा भी इसमें जोड़ी गई हैं. घटना के वक़्त अभियुक्त चोरी के इरादे से घर में घुसा था.₹ पुलिस अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर पुलिस कस्टडी की मांग करेगी और फिर इस मामले की जांच आगे बढ़ाई जाएगी.

दीक्षित गेडाम का कहना है, अभियुक्त की गिरफ़्तारी के बाद पुलिस को कम समय मिला है, इसलिए इसकी जांच जारी है. उसने पहले अपना नाम विजय दास बताया था. पता चला है कि वह पांच छह महीने पहले मुंबई आया था. वह हाऊस कीपिंग एजेंसी में काम करता था.

### पहले भी सैफ अली खान के घर पर आ चुका था शहजाद

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने गिरफ्तारी के बाद कई खुलासे किए है। उसने पहले भी सैफ के घर का दौरा किया था। उस समय वह एक हाउसकीपिंग कंपनी में काम करता था। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, वह सैफ अली खान के घर पर सफाई के लिए आया था। पुलिस के अनुसार, 16 जनवरी को उसने देखा कि सुरक्षा गार्ड सो रहा था और वह 11वीं मंजिल तक चढ़ गया। 11वीं मंजिल पर पहुंचने के बाद उसने डक्ट शाफ्ट का इस्तेमाल करके सैफ के फ्लैट में प्रवेश किया। इसके बाद वह बच्चों के घर से सटे बाथरूम में

### इको-फ्रेंडली मूर्ति से त्योहार मनाने के लिए मनपा का मूर्तिकारों को करेगी सहयोग

**ठाणे.** पर्यावरण अनुकूल त्यौहार मनाना सभी की अनिवार्य आवश्यकता है।इसलिए मूर्तिकार मनपा का सहयोग करें।मनपा मुख्यालय पर मूर्तिकारों के साथ बैठक कर जगह और शाडू मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए मनपा ने दिया आश्वासन।पर्यावरण अनुकूल त्यौहार व उत्सव मनाये जाने के संबंध में उच्च न्यायालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने समय-समय पर दिशानिर्देश निर्धारित किया हैं। मनपा पर्यावरण विभाग ने मूर्तिकारो के साथ चर्चा करने के लिए नरेंद्र बल्लाल सभागृह में एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने ठाणे मनपा क्षेत्र के मूर्तिकार एसोसिएशन, गणेशोत्सव समन्वय समिति,सामाजिक संस्था के साथ बातचीत की।उपायुक्त (पर्यावरण विभाग) डॉ. पद्मश्री बैनाडे, उपायुक्त (अतिक्रमण) शंकर पटोले, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान, विधि अधिकारी

# स्वामी विवेकानंद से विद्यार्थी ग्रहण करें प्रेरणा




- ‘विवेकानंद’ के सिल्वर जुबली समारोह में बोले सांसद बाल्या मामा

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** विद्यार्थियों को जीवन में तरक्की की खातिर स्वामी विवेकानंद के सुझाए मार्ग पर चलना चाहिए. राष्ट्र पुरुष स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर जीवन की कठिन डगर भी आसान हो सकती है.एकाग्रता और निष्ठा से जीवन में प्रगति का मार्ग खुलता है.सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा पद्मा नगर स्थित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल के रंगारंग भव्य सिल्वर जुबली समारोह को संबोधित कर रहे थे.उक्त अवसर पर महाराष्ट्र एसबीसी कन्वेनर अशोक इंदापुरे, शिक्षण संस्था संस्थापक अध्यक्ष कृष्णा गाजेंगी, प्रेसीडेंट मारुति गालीपेल्ली, सेक्रेट्री राजू गाजेंगी, महेश कोंडा, बलराम अवधूत,पूर्व पार्षद संतोष शेट्टी,सुमित पाटील,शेखर नोमुला सर सहित तमाम पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, शिक्षक, शिक्षिका, स्टाफ कर्मी, विद्यार्थी, अभिभावक भारी संख्या में मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, पद्मानगर स्थित स्वामी विवेकानंद जू. हाईस्कूल द्वारा मानसरोवर स्थित वृन्दावन गार्डन में भव्य सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन हुआ.सिल्वर जुबली समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा कक्षा 1 से 10 तक परीक्षा में प्रथम रैंक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं का गौरव कर प्रोत्साहित किया गया. सिल्वर जुबली समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भगवद गीता पाठ, कराटे,सुंदर गीत, नृत्य पेश कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी. शिक्षण संस्था संस्थापक अध्यक्ष भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी के कुशल नेतृत्व में आयोजित समारोह में 25 वर्षों के दौरान शिक्षा देने वाले सभी शिक्षकों सहित शिक्षा प्राप्त कर नौकरी, रोजगार से जुड़ी तमाम हस्तियों सहित डाक्टर, इंजीनियर,उद्योगपति आदि को पुष्पगुच्छ, शाल, गौरवपत्र देकर सम्मानित किया गया.सांसद बाल्या मामा सहित गणमान्य हस्तियों द्वारा विवेकानंद हाईस्कूल के सोवेनियर का लोकार्पण किया गया.

### विवेकानंद छू रहा नित नई ऊंचाई

‘विवेकानंद’ शैक्षणिक संस्था फाउंडर प्रेसीडेंट भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी के अनुसार, 25 वर्ष पूर्व 22 बच्चों से शुरु विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से हाईस्कूल होने तक के सफर में तमाम शिक्षकों, पदाधिकारियों, स्टाफकर्मियों की कड़ी मेहनत शामिल है. कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में करीब 2500 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. 24 वर्षों पूर्व अल्प शैक्षणिक संसाधनों से राष्ट्र गौरव विवेकानंद स्वामी के नाम से शुरु हुआ ‘विवेकानंद’ इंग्लिश मीडियम स्कूल नित नई ऊंचाइयां छूकर शिक्षा जगत में भिवंडी शहर का नाम रोशन कर रहा है.

# कासारवडवली-गायमुख मेट्रो परियोजना लागत में 63.67 करोड़ रुपए की वृद्धि

- समाप्ति तिथि अप्रैल 2025
- 22 लाख का मामूली जुर्माना



**मुंबई.** कासारवडवली से गायमुख तक मेट्रो 4ए रूट महत्वपूर्ण है। मेट्रो परियोजना कार्यान्वयन शाखा ने आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को लिखित तौर पर स्पष्ट किया है कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा कासारवडवली से गायमुख तक मेट्रो 4ए परियोजना में 63.67 करोड़ की वृद्धि हुई है।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मेट्रो परियोजना कार्यान्वयन शाखा से विभिन्न जानकारी मांगी थी। मेट्रो परियोजना कार्यान्वयन शाखा ने अनिल गलगली को विस्तार से जानकारी दी। मेसर्स जे.कुमार इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, दिया गया है तथा अपेक्षित व्यय 440.84 करोड़ था जिसमें 63.67 करोड़ की वृद्धि हुई है। मेसर्स जे.कुमार इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, इन्हें 11 सितंबर 2019 को चालू किया गया था और पूरा होने की तारीख 31 मार्च 2024 थी। अब बढ़ी हुई डेडलाइन दी गई है और वो तारीख है अप्रैल 2025। मेसर्स जे.कुमार इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, काम में देरी के चलते उन पर 22 लाख का जुर्माना लगाया गया है। ये जुर्माना हो सकता है जे.कुमार इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड, द्वारा भुगतान किया गया।

अनिल गलगली के मुताबिक, यह रूट घोड़बंदर रूट पर मेट्रो का विकल्प तैयार करेगा। इसलिए युद्धस्तर पर काम करना जरूरी है। मेट्रो 4ए गायमुख से शिवाजी चौक, मेट्रो 10 और कासारवडवली, ठाणे से वडाला मेट्रो 4 के बीच एक संपर्क मार्ग है।

### अवैध केमिकल भंडारण पर पुलिस का छापा

# भिवंडी में 1.35 करोड़ का केमिकल जब्त

**भिवंडी.** वल गांव स्थित गोदाम में छापेमारी कर अपराध शाखा पुलिस ने अवैध रूप से भंडारण कर जमा किया गया 1.35 लाख का रसायन जब्त किया है.पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ अवैध रूप से रसायन भंडारण का मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वलगांव म्हात्रे कंपाउंड स्थित अनंत श्रीपत पवार के स्वामित्व वाले अनंत एंड कंपनी के 6 गोदामों में विभिन्न कंपनियों से आए खतरनाक रसायनों का अवैध भंडारण किया जाने की सूचना पुलिस को मिली थी. पुलिस ने छापेमारी कर 60 लाख रुपये के ज्वलनशील और खतरनाक रसायनों का भंडारण जब्त किया है. छापेमारी के दूसरे मामले में दापोडा स्थित पारसनाथ कंपाउंड ₹अनंत लॉजिस्टिक्स₹ के 8 गोदामों में 5026 ड्रम और पाउडर बैग के रूप में 75 लाख रुपये के ज्वलनशील और खतरनाक रसायन का भंडारण पाया गया. दोनों मामलों की जांच क्राइम ब्रांच सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीराज माली कर रहे हैं.

# भिवंडी के बंद फैक्ट्री से मिला सड़ा-गला शव

- जांच में जुटी पुलिस

**भिवंडी.** भिवंडी में एक बंद फैक्ट्री से 40-50 साल के व्यक्ति का शव मिलने का मामला सामने आया है. यह घटना भिवंडी इलाके की है, जहां शुक्रवार को एक व्यक्ति अपने ग्राहक को स्कूल शुरू करने के लिए फैक्ट्री का निरीक्षण कराने ले गया था. पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. शव की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस के मुताबिक, ग्राहक और फैक्ट्री मालिक जैसे ही फैक्ट्री के अंदर पहुंचे, उन्हें जमीन पर एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला. शव की स्थिति को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि यह व्यक्ति काफी समय से वहां मृत पड़ा था. घटना की जानकारी मिलने पर निजामपुरा पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### पुलिस कई एंगल से कर रही है जांच

शव की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस कई एंगल से मामले की जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि व्यक्ति फैक्ट्री के अंदर कैसे पहुंचा. पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अगर किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें.

# एक ही टिकट से कर सकेंगे मेट्रो, लोकल और बस का सफ़र

- एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर मिलेगी सभी ट्रांसपोर्ट की सुविधा

**मुंबई.** मुंबई के लोगों को एक ही टिकट में बस, रेल, मेट्रो, मोनो जैसी सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं मिलेगी. मुख्यमंत्री फड़णवीस ने जानकारी दी है कि यह सिंगल प्लेटफॉर्म ऐप जल्द ही लॉन्च किया जाएगा.मुंबई में सफ़र करने के लिए बस, ट्रेन, मेट्रो जैसे कई विकल्प हैं.बस से यात्रा करने के लिए आपको बस का टिकट खरीदना होता है , आपको रेलवे के लिए रेलवे टिकट और मेट्रो के लिए मेट्रो टिकट खरीदना होता है.

यदि आप एक ही टिकट पर एक ही समय में मुंबई में कहीं भी यात्रा कर सकें तो क्या होगा ?राज्य सरकार मुंबई के लोगों को एक ही टिकट से सभी यात्रा की सुविधा देने का करने का प्रयास कर रही है. इस संबंध में आज सीएम फड़णवीस के नेतृत्व में बैठक हुई.

मुंबई में सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रमुख उपस्थिति में 'इंटीग्रेशन ऑफ़ टिकेटिंग सर्विसेज' के संबंध में एक बैठक बुलाई गई थी,इस अवसर पर



मुख्यमंत्री फड़नवीस ने शहरी परिवहन को समर्पित ' सिंगल प्लेटफ़ॉर्म ऐप' की समीक्षा की. इस एक ऐप पर बेस्ट बस, लोकल ट्रेन, मेट्रो, मोनोरेल एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी. उन्होंने कहा, ''मुंबईकर इस ' सिंगल प्लेटफ़ॉर्म ऐप' का उपयोग करके अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं.

इस ऐप के जरिए नागरिकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से नजदीकी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली बस, रेलवे, मेट्रो के बारे में जानकारी मिलेगी. इससे यातायात आसान होगा और यात्रियों का समय भी बचेगा.

फड़णवीस ने बताया कि प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाकर इस प्रणाली को टैक्सी और अन्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि यह ' टिकेटिंग सर्विसेज ऐप का इंटीग्रेशन' जल्द ही जनता के लिए उपलब्ध होगा.मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सिंगल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म पर लाना है. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में कहा, 'मुंबई में फिलहाल 300 लोकल सेवाएं चल रही हैं.आने वाले वर्षों में 300 और लोकल ट्रेनें शुरू करने के लिए 17,107 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, राज्य में रेलवे परियोजनाओं में 1.70 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है.

# मनपा की ओर से आज ग्रंथ यात्रा का आयोजन

**ठाणे.** मनपा की ओर से मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़ा के अवसर पर आज 10 बजे ग्रंथ दिंडी यात्रा का आयोजन किया गया है। इस ग्रंथ यात्रा का मनपा मुख्यालय के सामने से शुरू होकर परमार्थ निकेतन, ज्ञानराज मंदिर होते हुए आयेगा। मनपा मुख्यालय से ग्रंथ यात्रा के समापन के बाद मनपा आयुक्त सौरभ राव नरेंद्र बल्लाल सभागृह में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी नागरिकों के लिए 20 और 21 तारीख को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। इस प्रदर्शनी में प्राच्य विद्या अभ्यास संस्था की ओर से नई और पुरानी किताबें, शब्दकोष प्रदर्शित किए जाएंगे।

# भिवंडी मनपा सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक को रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 4 के सहायक आयुक्त सुनील भोईर एवं अमोल बारघडे को सारिका होटल में अवैध निर्माण को संरक्षण देने के लिए शिकायतकर्ता मुशीर मोमिन से 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रेड हैंडेड गिरफ्तार किया है.उक्त घटना से मनपा में हड़कंप मचा हुआ है.

मनपा प्रभाग क्रमांक 4 अंतर्गत हमाल वाडा क्षेत्र में मुशीर मोमिन द्वारा बिल्डिंग का अवैध तरीके से निर्माण शुरू है.शिकायत कर्ता मुशीर मोमिन ने अवैध इमारत निर्माण को संरक्षण देने के लिए सहायक आयुक्त सुनील भोईर एवं बीट निरीक्षक अमोल बारघडे पर 2 लाख रुपए डिमांड का आरोप लगाते हुए जरूरी तथ्यों सहित एसीबी (वरली) कार्यालय में शिकायत की थी.शनिवार दोपहर को धामणकर नाका स्थित सारिका होटल में रिश्वत के पहली किश्त के रूप में 50 हजार की रकम लेते हुए एसीबी ने बीट निरीक्षक अमोल बारघडे को रंगे हाथ धर दबोचा. रेस्टोरेंट में मौजूद सहायक आयुक्त सुनील भोईर जब अपने बचाव के लिए बाहर निकलने की फिराक में थे तो उनको भी एसीबी ने धर दबोच लिया.भिवंडी मनपा में विगत 6 माह के दौरान रिश्वतखोरी को लेकर एसीबी द्वारा अंजाम दी गई गिरफ्तारी में 6 लोग फंस चुके हैं. 6 माह पूर्व ही टैक्स विभाग से एसीबी ने टैक्स अधिकारी सुदाम जाधव, सायरा अंसारी, किशोर केने, प्रभाग 3 में कार्यरत क्लर्क आदि रिश्वतखोरी के जुर्म में जेल जा चुके हैं. आरोप है कि, रिश्वतखोरी में जेल की हवा खाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को मनपा प्रशासन ने दुबारा जिम्मेदार पदों पर बैठाया है जो शासन के निर्देशों सहित मनपा अधिनियम के पूर्णतया खिलाफ है.

भ्रष्टाचार में गिरफ्तार किसी भी कर्मचारी को जिम्मेदार पद पर कदापि नहीं रखना चाहिए.

> किसी भी भ्रष्ट अधिकारी को कदापि बख्शा नहीं जाएगा .भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कदम उठाया जाएगा .भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी, कर्मचारी को जल्द ही पद से हटाया जाएगा.
>
> -अजय वैद्य
> प्रशासक भिवंडी मनपा

# प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य जोशी गुरुजी का मुंबई आगमन



**मुंबई.** ज्योतिष विद्या में कम उम्र में नाम कमाने वाले ज्योतिषाचार्य विजय जोशी गुरूजी इन दिनों मुंबई में आए हुए हैं । अंक ज्योतिष, हस्तरेखा ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, पद्मरेखा ज्योतिष और कुंडली ज्योतिष के साथ साथ कालसर्प दोष का अच्छा अभ्यास करने वाले ज्योतिषाचार्य विजय जोशी गुरूजी का कहना है कि ज्योतिष विद्या कोई चमत्कार नहीं है। जैसे हम अन्य विषयों का शिक्षण करते हुए उनमें महारत हासिल करते हैं वैसे ही ज्योतिष विद्या का भी कोई भी अध्ययन कर सकता है। कोई भी ज्योतिषाचार्य अचूक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। लेकिन शास्त्रों के आधार पर भविष्य में होने वाली घटनाओं पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त कर सकता है। मैंने कम समय में ज्योतिष विद्या का गहन अध्ययन कर कुछ विषयों पर अपनी ओर से संभावनाएं व्यक्त की थीं । जो कि सत्य के करीब साबित हुईं । जिससे लोग मुझे मानने लगे। ज्योतिषाचार्य विजय जोशी गुरूजी का कहना है कि ज्योतिष विद्या एक शैक्षणिक अभ्यास है। जिसे कोई भी सीख सकता है। ज्योतिषाचार्य विजय जोशी गुरूजी से मुंबई में मोबाईल क्रमांक 9392825492 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उर्वशी रौतेला ने सैफ अली से मांगी माफी



**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में एक इंटरव्यू में सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर बात की थी। सैफ अली खान पर हुए हमले पर बात करते हुए उर्वशी रौतेला अपनी डायमंड की घड़ी और अपनी फिल्म डाकू महाराज के बारे में बात करने लगी थीं। सोशल मीडिया पर जैसे ही उर्वशी का ये वीडियो वायरल हुआ लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। लोगों ने उर्वशी को इतने गंभीर मुद्दे पर अपनी डायमंड की घड़ी फ्लॉन्ट करने के लिए उन्हें खरी-खोटी सुनाई। अब उर्वशी ने इस बारे में बात करते हुए सैफ अली खान से माफी मांगी है।

इंस्टाग्राम पर उर्वशी ने एक पोस्ट लिखते हुए सैफ अली खान से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, ₹प्रिय सैफ अली खान सर, आशा है कि आप ठीक होंगे। मैं ये बहुत पछतावे और दिल से माफी मांगते हुए लिख रही हूं। मुझे अंदाजा नहीं था कि आप जिस चीज से गुजर रहे हैं उसकी गंभीरता क्या है। मैं शर्मिंदा हूं कि मैंने खुद को डाकू महाराज और मुझे मिलने वालों तोहफों के उत्साह में डूबे रहने दिया बजाय इसके कि मैं रुकूं और समझूं कि आप किस चीज से गुजर रहे हैं।₹ सैफ अली खान के लिए लिखा पोस्ट

उन्होंने आगे लिखा कि असंवेदनशील होने के लिए मेरी माफी को स्वीकार करें। उन्होंने लिखा कि सैफ अली खान के साहस के लिए उनके मन में बहुत सम्मान है। उर्वशी ने लिखा, ₹अगर मैं किसी भी तरह आपके काम या आपता सपोर्ट कर सकती हूं तो प्लीज बिना हिचकिचाए मुझे बताइएगा। मैं एक बार फिर आपसे माफी मांगती हूं।₹

बता दें, गुरुवार को खबर आई थी कि सैफ अली खान के ऊपर चाकू से हमला कर दिया गया था जिसके बाद सैफ अली खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सैफ अली खान पर ये हमला उनके ही घर में हुआ था। सैफ अली खान अभी अस्पताल में ही भर्ती हैं।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099